# मकान मालिकों ने छात्रा और महिला से की अश्लीलता

(जीएनएस)।

लखनऊ। हसनगंज की छात्रा और बीबीडी इलाके की महिला ने मकान मालिकों पर अश्लीलता का आरोप लगाया है। पीड़ितों ने संबंधित थानों में आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। हसनगंज निवासी छात्रा ने मकान मालिक अंबुज त्रिवेदी पर आरोप लगाया। छात्रा के मुताबिक, पांच जून को अंबुज ने पत्नी की अनुपस्थिति में उसे फोन कर अश्लीलता की। उसने कमरे में आने का दबाव डाला व छेड़छाड़ भी की। इंस्पेक्टर चितवन कुमार के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है।

वहीं, बीबीडी की महिला ने मकान मालिक प्रमोद कुमार वर्मा पर आरोप लगाया। महिला के अनुसार, प्रमोद उस पर शादी का दबाव डालता व छेड़छाड़ करता था। इससे उन्हें उसका घर छोड़ना पड़ा। चार जून को प्रमोद ने उनके पति को पीटा। बीच-बचाव करने पर उसने उनसे भी अश्लीलता की। इंस्पेक्टर राम सिंह के अनुसार, आरोपी की तलाश की जा रही है।

# लखनऊ में बड़े भाई ने छोटे भाई को मार डाला:सिलेंडर से सिर फोड़ा, टांग पकड़कर सड़क पर फेंका; बोला- जिसे जो करना हो कर लो

(जीएनएस)।

लखनऊ में बड़े भाई ने छोटे भाई की हत्या कर दी। मां-बाप से मारपीट का विरोध करने पर घरेलू गैस सिलेंडर से उसके सिर पर ताबड़तोड़ कई वार किए। खून से लथपथ छोटे भाई को टांग पकड़कर घसीटते हुए सड़क पर फेंक दिया।

चिल्लाते हुए बोला- इसे मार डाला, जिसे जो करना हो कर ले। मौके पर पहुंचे चाचा और आसपास के लोग छोटे भाई को ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना रविवार दोपहर करीब 3 बजे जानकीपुरम विस्तार सेक्टर-3 में हुई। मृतक आर्यन मिश्र (21) बीज भंडार में काम करता था। पुलिस ने आरोपी बड़े भाई अभिषेक मिश्रा (24) को हिरासत में ले लिया है।

आर्यन के पिता रामानंद मिश्रा पेंटिंग का ठेका लेकर काम कराते हैं। उन्होंने बताया- छोटा बेटा आर्यन डालीगंज स्थित बीज भंडार में दवा सप्लाई का काम करता था। बड़ा बेटा अभिषेक कुछ नहीं करता है।

अभिषेक नशा करने के बाद अक्सर सबसे मारपीट करता था। रविवार सुबह उसने पहले मुझसे मारपीट की। हम किसी तरह उससे बचकर छत पर भाग गए। इसके बाद




तैयार होकर दुकान का सामान लेने के लिए पत्नी के साथ यहियागंज जाने लगे।

इस दौरान अभिषेक ने अपनी मां मंजू मिश्रा की पिटाई शुरू कर दी। सड़क पर ही उनको लात मारने लगा। मोहल्लेवालों ने बीच-बचाव कराया। छोटे बेटे आर्यन ने इसका विरोध किया, तो अभिषेक ने उसके साथ गाली-गलौज की। उसके बाद उसके सिर पर सिलेंडर से वार कर दिए।

पिता रामानंद मिश्रा ने बताया- बड़ा बेटा नशे का आदी है। कोई काम-धंधा नहीं करता है।

पिता रामानंद मिश्रा ने बताया- बड़ा बेटा नशे का आदी है। कोई काम-धंधा नहीं करता है।

**दोनों भाइयों का पहले सड़क पर झगड़ा हुआ**

पड़ोस में रहने वाले शिवपूजन मिश्र ने बताया- सुबह के समय झगड़े के बाद रामानंद अपनी पत्नी के साथ चले गए। इसके बाद भी दोनों भाइयों के बीच झगड़ा चलता रहा। सड़क पर काफी मारपीट हुई, तो पड़ोस में रहने वाले किराएदार और अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों को हटा दिया।

अभिषेक को घर के अंदर भेज दिया, जबकि आर्यन को घर से सटे दूसरे मकान के अंदर कर दिया। इस दौरान छत के रास्ते आर्यन फिर अभिषेक के पास चला गया, जहां दोनों के बीच काफी झगड़ा हुआ।

पड़ोसी ने बताया कि बड़ा भाई छोटे भाई को घसीटता हुआ घर से बाहर लाया। । पड़ोसी ने बताया कि बड़ा भाई छोटे भाई को घसीटता हुआ घर से बाहर लाया। ।

**'अभिषेक के सिर पर खून सवार था'**

अभिषेक ने उसके सिर पर सिलेंडर से वार कर दिए, जिससे वह खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। इससे भी अभिषेक का मन नहीं भरा तो उसकी टांग पकड़ कर खींचते हुए सड़क पर ले आया। फिर मोहल्लेवालों से कहने लगा इसको मार दिया। अब जिसको जो करना है कर लो। इस पर आर्यन को गंभीर हालत में चाचा परमानंद ने मोहल्लेवालों की मदद से ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सचिव ने कच्ची दरगाह-बिदुपुर गंगा सेतु परियोजना कार्य का लिया जायजा, जुलाई के पहले सप्ताह तक हो जाएगा पूर्ण

**19.76 किमी लंबा, जिसमें 9.76 किमी का पुल और 10 किमी का अप्रोच रोड शामिल है, कच्ची दरगाह बिदुपुर 6-लेन गंगा ब्रिज प्रोजेक्ट अपने अंतिम चरण में है। जुलाई 2026 के पहले सप्ताह तक पूरा होने का लक्ष्य पटना-उत्तरी बिहार के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा, यात्रा के समय को कम करेगा और गांधी सेतु पर यातायात को आसान करेगा।**

(जीएनएस)।

पथ निर्माण विभाग के सचिव श्री पंकज कुमार पाल ने आज कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने सचिव को बताया कि इस परियोजना को तेजी से पूरा किया जा रहा है और परियोजना का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। *बचे हुये कार्य को जुलाई के पहले सप्ताह तक पूर्ण कर लिया जायेगा।* बिहार के परिवहन बुनियादी ढांचे के लिए यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है, जो राजधानी पटना और उत्तर बिहार के बीच कनेक्टिविटी को पूरी तरह से बदल देगी।

विभाग के सचिव ने कार्य की गुणवत्ता की सराहना करते हुए निर्माण एजेंसी और परियोजना से जुड़े अभियंताओं को निर्देश दिए कि अंतिम



चरण के कार्यों में कोई ढिलाई न बरती जाए। *उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि सभी तकनीकी मानकों का पालन करते हुए कार्य को जुलाई, 2026 के पहले सप्ताह तक हर हाल में पूरा कर लिया जाय, ताकि आम जनता के लिए इस मार्ग को शीघ्र खोला जा सके।*

पटना जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-30 पर अवस्थित कच्ची दरगाह एवं वैशाली जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ सख्या-103 पर अवस्थित बिदुपुर के बीच गंगा नदी पर कुल 19.76 किमी लम्बाई के 6 लेन ग्रीनफिल्ड पुल परियोजना का निर्माण किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत 9.76 किमी लम्बा पुल तथा 10 किमी लम्बा पहुंच पथों का निर्माण कार्य शामिल है। इस परियोजना का भौतिक कार्य (ढँ८ऱ्रू' ढ१ङ्क्ष्१२२) 98.1 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। वर्तमान में पुल पर फिनिशिंग कार्यों के साथ-साथ एक्सपेंशन जॉइंट्स की स्ट्रेसिंग और अन्य तकनीकी कार्य चल रहे हैं। प्रथम चरण में कच्ची दरगाह, पटना से राघोपुर दियारा, वैशाली (कुल लम्बाई 4.57 किमी) का उद्घाटन किया जा चुका है।

यह सिक्स-लेन पुल, जो कि पटना के सबलपुर को एनएच-103 (बिदुपुर) से जोड़ता है, पटना-बख्तियारपुर बाईपास (एनएच-30) से सीधे जुड़ा होगा। सचिव ने कहा कि कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के पूर्ण होने से इस क्षेत्र के लोगों को राजधानी पटना से निर्बाध सड़क सम्पर्कता मिलेगी। इस क्षेत्र में कृषि, उद्योग सहित अन्य व्यवसायों का और तेजी से विकास होगा। आकस्मिक चिकित्सा की स्थिति में इलाज के लिये पटना पहुँचने में मरीजों को भी काफी सुविधा होगी।

यह परियोजना न केवल गंगा नदी को पार करने का एक सुगम मार्ग प्रदान करेगा, बल्कि हाजीपुर और समस्तीपुर की ओर जाने वाले यातायात को भी सुगम बनाएगा। यह मेगा प्रोजेक्ट पटना और उत्तर बिहार के बीच आवागमन को तेज, सुरक्षित और सुगम बनाएगा। यात्रा समय में बड़ी कमी आएगी और विकास को नई रफ्तार मिलेगी।सिक्स लेन पुल बिदुपुर तक शुरू किए जाने के बाद गांधी सेतु पर दबाव कम होगा।

# जल संरक्षण पर मध्यप्रदेश मॉडल को मिली अंतरराष्ट्रीय सराहना, विदेशी राजनयिकों ने बताया अनुकरणीय

**मध्य प्रदेश के जल गंगा संवर्धन अभियान ने सरकारी योजना से एक व्यापक जन आंदोलन का रूप ले लिया है। सदानीरा संगम में छह देशों के राजनयिकों ने नदियों, तालाबों और पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए इस पहल की सराहना की, और दुनिया भर में इसी तरह के मॉडल को प्रेरित करने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला।**

(जीएनएस)।

जल संरक्षण के क्षेत्र में मध्यप्रदेश की पहल को अब वैश्विक स्तर पर पहचान मिल रही है। 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के जरिए प्रदेश ने जल संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप देते हुए एक ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहा जा रहा है। भोपाल स्थित भारत भवन में आयोजित 'सदानीरा समागम' में छह देशों के राजनयिकों ने इस मॉडल की खुलकर प्रशंसा की और इसे अपने-अपने देशों में लागू करने की इच्छा जताई।

कार्यक्रम में साइप्रस, फिजी,



मेक्सिको, नेपाल, त्रिनिदाद एवं टोबैगो और इक्वाडोर के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि जल संकट आज वैश्विक चुनौती बन चुका है और मध्यप्रदेश का यह प्रयास समाधान की दिशा में एक प्रभावी कदम है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर शुरू किया गया 'जल गंगा संवर्धन अभियान' अब केवल सरकारी योजना नहीं रहा, बल्कि व्यापक जनभागीदारी के साथ एक जन-आंदोलन बन चुका है। नदियों, तालाबों और पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन की दिशा में प्रदेश ने उल्लेखनीय कार्य किया है।

**साइप्रस और फिजी ने की सराहना**

साइप्रस के उच्चायुक्त इवागोरस वराईओनाइडेस ने कहा कि जल संकट से निपटने के लिए जन-जागरूकता बेहद जरूरी है और मध्यप्रदेश का मॉडल इस दिशा में प्रेरणादायक है। वहीं, फिजी के उच्चायुक्त जगन्नाथ सामी ने जलवायु परिवर्तन को गंभीर चिंता बताते हुए इस पहल को दूरदर्शी बताया।

**मेक्सिको और नेपाल ने बताया साझा जिम्मेदारी**

मेक्सिको की प्रतिनिधि वनेसा एड्रियन ने जल संरक्षण को वैश्विक जिम्मेदारी बताते हुए इसे सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने की सराहना की। नेपाल के प्रतिनिधि दीपक पोरखिरे ने कहा कि यह आयोजन प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का एहसास कराता है और भारत-नेपाल की सांस्कृतिक समानताओं को भी उजागर करता है।

**त्रिनिदाद-टोबैगो और इक्वाडोर अपनाएंगे मॉडल**

त्रिनिदाद एवं टोबैगो के प्रतिनिधि चंद्रदत्त सिंह ने इस पहल को जन-जन तक पर्यावरणीय संदेश पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बताया। वहीं, इक्वाडोर के प्रतिनिधि जॉर्ज विनिशियो अनरंगो ने घोषणा की कि वे अपने देश में भी इसी तरह का आयोजन करेंगे।

# लखनऊ की सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए जरूरी है सिस्टम और पब्लिक की 50-50 पार्टनरशिप!

**लखनऊ को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प तब तक अधूरा है, जब तक नगर निगम की सुस्ती और आम जनता की लापरवाही दूर नहीं हो जाती। लखनवाइट्स का मानना है कि शहर को चमकाने के लिए अब केवल कागजी दावों से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी स्तर पर सिस्टम को जवाबदेह और जनता को जिम्मेदार बनना होगा।**

(जीएनएस)।

लखनऊ , लखनऊ को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प तब तक अधूरा है, जब तक नगर निगम की सुस्ती और आम जनता की लापरवाही दूर नहीं हो जाती। लखनवाइट्स का मानना है कि शहर को चमकाने के लिए अब केवल कागजी दावों से



काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी स्तर पर सिस्टम को जवाबदेह और जनता को जिम्मेदार बनना होगा। 'दैनिक जागरण आईनेक्स्ट' की 'क्लीन सिटी चैलेंज' पहल से जुड़े लोगों ने कहा कि नियमित सफाई, 100 परसेंट डोर-टू-डोर वेस्ट कलेक्शन और बंद नालियां ही शहर की सूरत बदल सकती हैं, लेकिन इसके लिए प्रशासनिक इच्छाशक्ति की सख्त जरूरत है। जब तक नगर निगम एक्टिव नहीं होगा, लोग सड़कों को डस्टबिन समझना बंद नहीं करेंगे

**हर सप्ताह हो समीक्षा**

लोगों ने यह भी सुझाव दिए हैं कि निगम के सफाई कर्मियों की मॉनीटरिंग के लिए भी कोई ठोस व्यवस्था बनाई जाए, जिससे निगम कर्मी समय से फील्ड में पहुंचे और सफाई करें। ज्यादातर लोगों ने यह भी सुझाव दिए हैं कि हर सप्ताह वार्ड या जोन के हिसाब से सफाई व्यवस्था की समीक्षा की जाए। इसके साथ ही यह भी देखा जाए कि गलियों से कब से वेस्ट नहीं उठा है और अगर उठा है तो क्या उसका उचित निस्तारण किया गया है। समीक्षा से यह पता चलेगा कि गली मोहल्लों में सफाई व्यवस्था के पटरी पर न आने के प्रमुख कारण क्या हैं, जिन्हें दूर करने के कदम उठाए जा सकते हैं।

# यूपी की महिलाओं, दिव्यांगों और ट्रांसजेंडर्स के लिए योगी ने बनाया मेगा प्लान, युवाओं को भी मिलेगा फायदा

(जीएनएस)।

लखनऊ। प्रदेश को देश का सबसे बड़ा स्टार्टअप और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर केंद्र बनाने की दिशा में सरकार ने बड़ी तैयारी शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई स्टार्टअप नीति-2026 और नई डाटा सेंटर नीति के मसौदे की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को ऐसी नीतियां तैयार करने के निर्देश दिए हैं, जो युवाओं को रोजगार मांगने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बनाएं।

उन्होंने वर्ष 2030 तक प्रदेश में दो गीगावाट से अधिक अतिरिक्त डाटा सेंटर क्षमता विकसित करने का लक्ष्य भी तय किया। साथ ही स्टार्टअप गतिविधियों के संचालन, वित्तीय प्रबंधन और निगरानी के लिए उत्तर प्रदेश स्टार्टअप मिशन गठित करने की भी आवश्यकता बताई।

रविवार को आईटी और इलेक्ट्रानिक्स विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने नई स्टार्टअप नीति के प्रविधानों में भरण-पोषण भत्ता, प्रोटोटाइप अनुदान, सीड कैपिटल सहायता, पेटेंट और गुणवत्ता प्रमाणन से जुड़े प्रोत्साहनों को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

साथ ही महिला उद्यमियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर उद्यमियों व पूर्वांचल और बुंदेलखंड के स्टार्टअप्स को विशेष




सहायता देने पर जोर दिया। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2018 में स्टार्टअप रैंकिंग में 'एस्पायरिंग लीडर' श्रेणी में रहने वाला उत्तर प्रदेश पिछले वर्ष 'टॉप परफार्मर' श्रेणी में आ चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप्स को निवेशकों, उद्योग जगत, अनुसंधान संस्थानों और एक्सेलेरेटर कार्यक्रमों से जोड़ा जाए, ताकि उन्हें पूंजी, तकनीकी सहयोग, मेंटरशिप और नए बाजारों तक पहुंच मिल सके।

उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग, क्वांटम तकनीक, रोबोटिक्स, सेमीकंडक्टर, एयरोस्पेस, स्पेस टेक्नोलाजी और हेल्थ-टेक जैसे क्षेत्रों के स्टार्टअप्स को विशेष प्रोत्साहन देने के निर्देश दिए।

इसके लिए सेंटर आफ एक्सीलेंस की संख्या बढ़ाने और विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों, अनुसंधान केंद्रों व उद्योग जगत के बीच बेहतर तालमेल विकसित करने पर बल दिया गया। लखनऊ और नोएडा में प्रस्तावित यू-हब को डीप-टेक नवाचार के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

लखनऊ समेत अन्य शहरों में भी बनेगा डाटा सेंटर क्लस्टर

डाटा सेंटर क्षेत्र की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नई डेटा सेंटर नीति को पहले से अधिक आकर्षक, प्रतिस्पर्धी और निवेशक अनुकूल बनाया जाए।

डाटा सेंटर विकास केवल एनसीआर तक सीमित न रहे, बल्कि लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ, सीतापुर और अन्य शहरों में भी डाटा सेंटर क्लस्टर विकसित किए जाएं। उन्होंने एआई आधारित उच्च क्षमता वाली कंप्यूटिंग सुविधाओं और ग्रीन डाटा सेंटर को विशेष प्रोत्साहन देने के निर्देश दिए।

आईटी व इलेक्ट्रानिक्स विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में अब तक 21,342.90 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव स्वीकृत हो चुके हैं और 644 मेगावाट क्षमता पर काम चल रहा है। वर्तमान में छह डाटा सेंटर पार्क और दो डाटा सेंटर इकाइयां संचालित हैं।

विभिन्न निवेशकों ने प्रदेश में 5,410 मेगावाट क्षमता के डाटा सेंटर विकसित करने में रुचि दिखाई है, जिनमें करीब 4.90 लाख करोड़ रुपये निवेश की संभावना है।

# ट्रस्ट की ऑडिट के बीच अखिलेश यादव ने राम मंदिर के दान से लापता धनराशि पर चिंता जताई, अदालत से इस मामले पर संज्ञान लेने का आग्रह किया

**समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राम मंदिर के लिए दिए गए दान की बड़ी रकम गायब होने की रिपोर्टों पर चिंता जताई है। उन्होंने अदालत से इस मामले पर संज्ञान लेने का आग्रह किया। इसके जवाब में, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव, चंपत राय ने कहा कि चल रहे आंतरिक ऑडिट में इन दावों की पुष्टि नहीं हुई है।**

(जीएनएस)।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ट्रस्ट और भारतीय स्टेट बैंक के प्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ नियमित ऑडिट करता है। राय के अनुसार, वर्तमान ऑडिट प्रक्रिया में कोई अनियमितता सामने नहीं आई है। ट्रस्ट के सदस्य महंत दीनेंद्र दास ने भगवान राम के न्याय में विश्वास व्यक्त किया और कहा कि सरकार के किसी भी फैसले का सम्मान किया जाएगा।




यादव ने इस मुद्दे को दुनिया भर के राम भक्तों के लिए अत्यधिक संवेदनशील बताया और मंदिर ट्रस्ट की चुप्पी की आलोचना की। उन्होंने ट्रस्ट और सरकार दोनों की प्रतिक्रिया की कमी पर सवाल उठाते हुए इसे संदिग्ध बताया। यादव ने वैश्विक सनातनी समुदाय द्वारा भगवान राम में रखे गए गहरे विश्वास के कारण अदालत के हस्तक्षेप का आग्रह किया।

एक्स पर एक पोस्ट में, यादव ने राय के बयान को अस्पष्ट और नियमित बताया। उन्होंने सुझाव दिया कि सभी ट्रस्ट सदस्यों को एक व्यापक स्पष्टीकरण प्रदान करने के लिए बैठक करनी चाहिए और सत्यापन के लिए सीसीटीवी फुटेज का उपयोग करने की सलाह दी। यादव ने तर्क दिया कि ट्रस्टियों के बीच सामूहिक चर्चा से सच्चाई सामने आएगी।

**ट्रस्ट की प्रतिक्रिया और ऑडिट प्रक्रिया**

राय ने कहा कि अब तक के ऑडिट में कुछ भी उल्लेखनीय सामने नहीं आया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ये ऑडिट मानक प्रक्रियाएं हैं जिनमें कई हितधारक शामिल हैं। इसके बावजूद, यादव संशयवादी बने रहे, और उन्होंने सवाल उठाया कि एक संक्षिप्त बयान जारी करने में इतना समय क्यों लगा और इसकी सामग्री की कमी की आलोचना की।

सपा नेता ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि जिसे उन्होंने अपर्याप्त स्पष्टीकरण बताया, उसके बाद वैश्विक सनातन समुदाय की आशंकाएं बनी हुई हैं। उन्होंने इन गंभीर आरोपों को दूर करने के लिए सभी संबंधित पक्षों से पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

# चिकित्सा लापरवाही के आरोपों के बीच चौरी चौरा अस्पताल में प्रसव के बाद एक महिला की मौत हो गई

(जीएनएस)।

रविवार को गोरखपुर, उत्तर प्रदेश के चौरी चौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में अपने पहले बच्चे को जन्म देने के कुछ ही देर बाद 28 वर्षीय नीलम निषाद की मौत हो गई। उनके परिवार ने चिकित्सा में लापरवाही का आरोप लगाया है, जबकि सीएचसी अधीक्षक सर्वजीत प्रसाद ने चिकित्सा देखभाल में किसी भी कमी से इनकार करते हुए उनकी मौत का कारण दिल का दौरा बताया है।

देवरिया जिले के बेलवाऊ्रुङ्ग८' गांव की रहने वाली नीलम को प्रसव पीड़ा के कारण शनिवार को सीएचसी में भर्ती कराया गया था। एक शल्य चिकित्सा प्रक्रिया के बाद, उन्होंने एक लड़के को जन्म दिया। उनके पति देव निषाद और भाई रितेश ने दावा किया कि सर्जरी के बाद उनकी हालत बिगड़ गई और आरोप लगाया कि रात के दौरान अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था, जिसके कारण उनकी मृत्यु हुई।

घटना के जवाब में, नीलम के परिवार ने उनके शव को सीएचसी के बाहर रख दिया और सुबह लगभग 5:00 बजे चिकित्सा कर्मचारियों से जवाबदेही की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। यह विरोध प्रदर्शन लगभग छह घंटे तक चला जब तक कि सर्किल ऑफिसर सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने हस्तक्षेप नहीं किया। चौरी चौरा के विधायक सर्वण निषाद ने भी अस्पताल का दौरा किया और सीएचसी अधीक्षक से मुलाकात की।

अधिकारियों द्वारा परिवार को गहन जांच का आश्वासन दिए जाने के बाद सुबह लगभग 11:00 बजे विरोध प्रदर्शन समाप्त हो गया। इसके बाद, मौत के कारण का पता लगाने के लिए नीलम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

**राजनीतिक प्रतिक्रियाएं**

इस घटना पर राजनीतिक हस्तियों ने भी प्रतिक्रिया व्यक्त की। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नीलम की मौत के लिए जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए और उचित कार्रवाई की जानी चाहिए। यादव ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री की भी आलोचना की कि वे विभागीय जिम्मेदारियों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहे हैं।

यह स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में चल रही चिंताओं को उजागर करती है और चिकित्सा लापरवाही के आरोपों की शीघ्र जांच की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। इन चिंताओं को दूर करने और जवाबदेही सुनिश्चित करने में पोस्टमार्टम परीक्षा और बाद की पूछताछ का परिणाम महत्वपूर्ण होगा।